RAF SECTOR
NEWS CLIP
25/06/19

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Rajasthan Patrika (Ahmedabad)

आरएएफ कैम्प में पहुंची प्राकृतिक गैस पाइफ लाइन

कावा की अध्यक्ष मनु भटनागर ने किया उदघाटन

अहमदाबाद. वस्त्राल स्थित 100 वीं वाहिनी द्रुत कार्यबल (आरएएफ) के कैम्प में प्राकृतिक गैस पाइप लाइन पहुंचा दिए गए हैं, जहां 415 लोगों ने कनेक्शन लिए। आरएएफ प्रांगण में कावा की अध्यक्षा (केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल) डॉ. मनु भटनागर ने नवनिर्मित प्राकृतिक गैस पाइपलाइन के 415 कनेक्शन का उदघाटन किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि तनु अरुण कुमार (कावा अध्यक्षा, द्रुत कार्य बल), कावा अध्यक्षा-पश्चिमी सेक्टर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की सुधा राजकुमार, कावा अध्यक्षा समूह केंद्र गांधीनगर- सुमन यादव, कावा अध्यक्षा 100 वी वाहिनी द्रुत कार्य बल रजनी यादव, बटालियन के कमाण्डेन्ट पुष्पेंद्र कुमार और बटालियन के अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। इस मौके पर पौधारोपण भी किया गया जिसमें मुख्य अतिथि समेत गणमान्य अधिकारियों ने पौधारोपण में भाग लिया।

मुख्य अतिथि ने परिवार कल्याण केंद्र का निरीक्षण किया। साथ ही वाहिनी के मोंटेसरी स्कूल के बच्चों से मिले व शिक्षकों को सम्मानित किया। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि ने वाहिनी के जवान के विकलांग बच्चों के लिए व्हील चेयर भेंट की गई।

Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।